# ईरान में 20 से ज्यादा मौतें, 582 गिरफ्तार

**सत्ता विरोधी आंदोलन और हिंसक प्रदर्शन**

**तेहरान, ईरान, 5 जनवरी. ईरान में सत्ता विरोधी आंदोलन और हिंसक प्रदर्शन लगातार बढ़ रहे हैं. रिपोर्ट के अनुसार अब तक 20 से अधिक लोग मारे गए और 580 से ज्यादा लोग गिरफ्तार हुए हैं.**



देश के 25 प्रांतों में प्रदर्शन जारी हैं. इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी दी है कि अगर नागरिकों पर दमन किया गया तो अमेरिका कड़ा कदम उठाएगा. निर्वासित राजकुमार रजा पहलवी ने भी प्रदर्शनकारियों का समर्थन करते हुए आंदोलन जारी रखने की अपील की है. ईरान में पिछले दिनों शुरू हुए विरोध प्रदर्शन अब हिंसक रूप लेने लगे हैं. रिपोर्टों के अनुसार अब तक कम से कम 17 लोगों की मौत हुई है, जबकि 582 से अधिक नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है. संगठन के आंकड़ों के मुताबिक, ईरान के 31 प्रांतों में से 25 प्रांतों के 170 से अधिक स्थानों पर प्रदर्शन जारी हैं. विरोध प्रदर्शन के दौरान छात्रों और नागरिकों ने महंगाई, बेरोजगारी और सत्ता विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाई. अगर प्रदर्शन उनकी सुरक्षा एजेंसियों के नियंत्रण से बाहर चले गए और शासन अस्थिर हो गया.

**आंदोलनकारियों पर दमन बर्दाश्त नहीं : ट्रम्प**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान में चल रहे सत्ता विरोधी आंदोलन के दमन को लेकर ईरान को चेतावनी दी है. श्री ट्रम्प ने पत्रकार के एक सवाल के जवाब में कहा इस पर हमारी करीबी नजर है. पहले की तरह अगर वे लोगों को मारना शुरू करते हैं तो मुझे लगता है कि अमेरिका उन पर कड़ा प्रहार करेगा. एक अमेरिकी मानवाधिकार समूह की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं. ये आंदोलन ईरान के 26 प्रांतों के 78 शहरों में फैल चुका है.

## संगीत सोम को बम से उड़ाने की धमकी

**लखनऊ। 05 जनवरी** सरकारी मोबाइल पर धमकी मिलने से भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक संगीत सोम को लेकर हड़कंप मच गया है। सोमवार सुबह करीब 8 बजे उनके सरकारी मोबाइल नंबर पर बंगला भाषा में एक धमकी भरा संदेश प्राप्त हुआ, जिसमें उन्हें बम से उड़ाने की बात कही गई। इसी मैसेज में एक भारतीय न्यूज चैनल को भी उड़ाने की धमकी दी गई है। धमकी मिलने के तुरंत बाद संगीत सोम ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और उस मोबाइल नंबर की जानकारी उपलब्ध कराई.



# 11 जनवरी को सोमनाथ मंदिर जाएंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**नई दिल्ली. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 जनवरी को गुजरात के सोमनाथ मंदिर का दौरा करेंगे. इस दौरान वे 8 से 11 जनवरी तक आयोजित चार दिवसीय सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के समापन समारोह में भाग लेंगे.**



अधिकारियों के अनुसार, इस अवसर पर स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत वर्षभर चलने वाले विभिन्न सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों की औपचारिक शुरुआत भी की जाएगी. सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का उद्देश्य भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत, धार्मिक आस्था और राष्ट्रीय आत्मसम्मान की भावना को सशक्त करना है. आयोजन के दौरान धार्मिक अनुष्ठान, आध्यात्मिक प्रवचन व सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम होंगे, जिनमें देशभर से संत-महात्मा व श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं. प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर सोमनाथ मंदिर ट्रस्ट और स्थानीय प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं. सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की जा रही है. श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए यातायात, स्वच्छता व स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है.

## पीएम की चादर चढ़ाने पर रोक की मांग खारिज

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने अजमेर स्थित सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर सालाना उर्स के दौरान प्रधानमंत्री और अन्य संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों की ओर से चादर चढ़ाने की परंपरा पर रोक लगाने की मांग को खारिज कर दिया है. अदालत ने स्पष्ट किया कि यह मुद्दा संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत विचार योग्य नहीं है. भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि इस मामले में दायर याचिका स्वीकार करने का कोई आधार नहीं बनता. साथ ही कोर्ट ने यह भी साफ किया कि सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों का अजमेर की निचली अदालत में लंबित किसी भी मामले पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा.

## सुप्रीम कोर्ट से अडानी पावर को राहत

▸ उच्चतम न्यायालय ने गुजरात हाई कोर्ट का फैसला रद्द किया

**नई दिल्ली, 05 जनवरी. उच्चतम न्यायालय ने अडानी पावर को राहत देने से इनकार करने वाले गुजरात उच्च न्यायालय के 28 जून 2019 के फैसले को रद्द कर दिया है.**

न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एन.वी. अंजारिया की पीठ ने सोमवार को यह फैसला सुनाया. उल्लेखनीय है कि यह मामला गुजरात के मुंद्रा स्थित विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) यूनिट से घरेलू टैरिफ क्षेत्र (डीटीए) को आपूर्ति की जाने वाली बिजली पर सीमा शुल्क लगाने से जुड़ा है. न्यायालय इस बात की जांच कर रहा था कि क्या गुजरात उच्च न्यायालय का अपने 2015 के पुराने फैसले के प्रभाव को सीमित करना और 2010 के बाद एसीजे से डीटीए को दी जाने वाली बिजली पर लगाये गये सीमा शुल्क को चुनौती देने वाली अदानी पावर की व्यापक याचिका को खारिज करना सही था. अडानी पावर मुंद्रा एसईजेरी के भीतर एक विशाल कोयला आधारित थर्मल पावर प्लांट चलाती है. यह इकाई एसईजेड़ के भीतर और गुजरात समेत अन्य राज्यों की वितरण कंपनियों को बिजली की आपूर्ति करती है. विवाद तब शुरू हुआ जब सीमा शुल्क ढांचे में बदलाव कर एसईजेई से बाहर (घरेलू बाजार में) जाने वाली बिजली पर शुल्क लगा दिया गया, जबकि विदेशों से भारत में आयात होने वाली बिजली पर ऐसा कोई शुल्क नहीं था.

## पूरा जम्मू-कश्मीर भारत का हिस्सा बने : बॉब

**जयपुर/लंदन 5 जनवरी.** ब्रिटेन के सांसद बॉब ब्लैकमैन ने एक बार फिर पूरे जम्मू-कश्मीर को भारत में मिलाए जाने की वकालत करते हुए पाकिस्तान के कब्जे को अवैध बताया है. राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि वह दशकों से जम्मू-कश्मीर से जुड़े इस मुद्दे पर मुखर रहे हैं और अनुच्छेद 370 हटाए जाने के भी लंबे समय से समर्थक रहे हैं. समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, ब्लैकमैन ने कहा कि उन्होंने सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अनुच्छेद 370 हटाने के बाद नहीं, बल्कि वर्ष 1992 में ही इसके खिलाफ आवाज उठाई थी, जब कश्मीरी पंडितों को उनके घरों से विस्थापित किया जा रहा था.

# सुशील मोदी की प्रतिमा का किया अनावरण

**पटना, 05 जनवरी. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार कोपूर्व उप मुख्यमंत्री पद्मभूषण स्व. सुशील कुमार मोदी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया और पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी.**



मुख्यमंत्री श्री कुमार आज राजेन्द्र नगर स्थित सुशील मोदी स्मृति पार्क में स्व. सुशील कुमार मोदी की जयंती समारोह में शामिल हुये. इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री कुमार ने स्व. सुशील कुमार मोदी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया और पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी. मुख्यमंत्री श्री कुमार इसके बाद श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित स्व.सुशील कुमार मोदी के जयंती कार्यक्रम में शामिल हुये. इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्व. सुशील कुमार मोदी के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी. इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री श्री गिरिराज सिंह, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ.प्रेम कुमार, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डे, उद्योग मंत्री डॉ.दिलीप कुमार जायसवाल, सांसद राधामोहन सिंह, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, भाजपा के संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया, बिहार भाजपा प्रभारी विनोद तावड़े ने भी पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी.

## फडणवीस ने अमरावती में आईटी निवेश को बढ़ावा देने दिया आश्वासन

**अमरावती, 05 जनवरी. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि राज्य सरकार अमरावती के लिए सूचना प्रौद्योगिकी ( आईटी ) क्षेत्र में निवेश को आकर्षित कर उसे एक आधुनिक शहर बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है.**



श्री फडणवीस ने रविवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि अमरावती सरकार के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए आईटी क्षेत्र में निवेश लाने की कोशिश की जाएगी. गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता नवनीत राणा के साथ 15 जनवरी को होने वाले नगर निगम चुनावों से पहले पार्टी उम्मीदवारों के लिए प्रचार के तहत शहर में एक रोड शो किया. श्री फडणवीस ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने अमरावती को आधुनिक बनाने के लिए ठोस कदम उठाए हैं. उन्होंने कहा कि डॉ. पंजाबराव देशमुख और शिवाजी एजुकेशन सोसाइटी जैसे दिग्गजों ने अमरावती और पश्चिमी विदर्भ में शिक्षा के लिए एक मजबूत नींव रखी है.

### एक नजर में




## फ्रांस में डॉक्टरों ने 10 दिनों की हड़ताल शुरू की

**पेरिस.** फ्रांस में निजी प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टरों और विशेषज्ञों ने इस वर्ष के सामाजिक सुरक्षा बजट में प्रस्तावित उपायों के विरोध में सोमवार से 10 दिनों की हड़ताल शुरू कर दी है. हड़ताल का आयोजन कर रही यूनियनों ने निजी क्लीनिकों को बंद करने और परामर्श रद्द करने या स्थगित करने का आह्वान किया है. निजी क्लीनिकों के ऑपरेशन थिएटर भी बंद रहने की संभावना है, जिसका सीधा असर सरकारी अस्पतालों पर पड़ सकता है. फ्रेंच मेडिकल ट्रेड यूनियंस के परिसंघ का कहना है कि उन्हें इस आंदोलन में अत्यधिक भागीदारी की उम्मीद है. उनके 85 प्रतिशत सदस्यों ने हड़ताल पर जाने की योजना बनाई है. फ्रांस की स्वास्थ्य मंत्री स्टेफनी रिस्ट ने रविवार को कहा कि क्षेत्रीय स्वास्थ्य एजेंसियों और स्वास्थ्य सुविधा प्रदाता एजेंसियों के साथ मिलकर देखभाल की निरंतरता बनाए रखने के लिए कदम उठाए गए हैं.

## लालू यादव की याचिका पर सीबीआई को नोटिस

**नई दिल्ली.** दिल्ली हाईकोर्ट ने आईआरसीटीसी होटल घोटाला मामले में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) प्रमुख लालू प्रसाद यादव की याचिका पर सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) को नोटिस जारी किया है. यह याचिका ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को चुनौती देती है, जिसमें लालू यादव और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ आपराधिक आरोप तय किए गए थे. मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा की सिंगल जज बेंच ने सीबीआई से जवाब मांगा और लालू प्रसाद यादव की ओर से दायर आपराधिक पुनरीक्षण याचिका के साथ-साथ स्टे आवेदन पर भी नोटिस जारी किया.

## सुको के फैसले न्यायिक स्वतंत्रता की जीत

**नई दिल्ली .** हिंसा मामले में उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत न मिलने के बाद सियासत तेज हो गई है. भारतीय जनता पार्टी ने इस फैसले को विपक्ष के लिए सबक करार दिया है. भाजपा नेताओं ने जहां इसे न्यायपालिका की स्वतंत्रता की पुष्टि बताया, वहीं कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह आरोपियों का महिमामंडन करती रही है. यह फैसला राजनीतिक और कानूनी दोनों मोर्चों पर नई बहस छेड़ रहा है. दिल्ली हिंसा मामले में आरोपी उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत न मिलने के फैसले पर भारतीय जनता पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है. भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि यह फैसला दर्शाता है कि अदालतें किसी राजनीतिक दबाव में नहीं हैं और कानून अपने तरीके से काम कर रहा है. उन्होंने इसे न्यायिक स्वतंत्रता की स्पष्ट जीत करार दिया.

# जल पुन : उपयोग नीति जल्द पूरी करें राज्य

### केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल ने कहा -जल सुरक्षा नीति का शीघ्र हो पालन

**नई दिल्ली, 05 जनवरी. केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने राज्यों से कहा है कि वे दोबारा जल के सुरक्षित उपयोग के लिए राष्ट्रीय ढांचे के अनुरूप सभी मानकों का पालन करते हुए इसके लिए निर्धारित नीति को शीघ्रता से पूरा करें.**



श्री पाटिल ने सोमवार को यहां प्रौद्योगिकी आधारित नदी पुनरुद्धार कार्य को गति प्रदान करने के लिए अधिकार संपन्न कार्य समूह की 17वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि नीतिगत प्रावधानों, स्पष्ट निर्धारित लक्ष्यों और अनुकूल परिस्थिति निर्मित कर राज्यों में उपचारित जल के सुरक्षित दोबारा उपयोग को बढ़ावा देने पर बल दिया जाना चाहिए. केंद्रीय मंत्री ने कार्य प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए प्रदूषण नियंत्रण की अवसंरचना परियोजनाओं का काम पूरा होने खुशी जताई और इसे गंगा पुनरुद्धार के निरंतर प्रयासों की दिशा में उपलब्धि बताया.

उन्होंने इसे बेहतर समन्वय, प्रभावी निगरानी तथा केन्द्रित कार्यान्वयन का परिणाम बताया और कहा कि इससे नदी के दीर्घकालिक पुनरुद्धार का मजबूत आधार तैयार हुआ है. इसमें उत्तर प्रदेश छह परियोजनाएं पूरी कर अग्रणी रहा, जबकि बिहार और पश्चिम बंगाल ने क्रमश: चार और तीन परियोजनाएं पूरी की. उत्तराखंड और दिल्ली ने भी एक-एक परियोजना पूर्ण की. बैठक में अधिकार संपन्न कार्य समूह ने राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के वार्षिक लेखा-खातों को स्वीकृति दी.



## अमित शाह ने अरुल्मिगु अरंगनाथ स्वामी मंदिर में की पूजा

**नईदिल्ली, 5 जनवरी.** गृह मंत्री अमित शाह ने तमिलनाडु के श्रीरंगम स्थित पावन अरुल्मिगु अरंगनाथ स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की. साथ ही देश के सभी नागरिकों के सुख, शांति और कल्याण के लिए आशीर्वाद की प्रार्थना की.

# केजरीवाल ने मनीष सिसोदिया को दी जन्मदिन की बधाई



**नई दिल्ली, 05 जनवरी.** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविन्द केजरीवाल ने मनीष सिसोदिया के जन्मदिन पर उन्हें हार्दिक शुभकामनाए दी हैं. केजरीवाल ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट साझा करते हुए कहा कि मनीष ने राजनीति में ईमानदारी और सादगी के साथ शिक्षा क्षेत्र में अनूठा योगदान दिया है. उन्होंने बच्चों के भविष्य और आम आदमी के सपनों को हर चुनौती में प्राथमिकता दी. यह संदेश मनीष के समर्पण और उनके काम के महत्व को दर्शाता है.

### आज का इतिहास

1664-छत्रपति शिवाजी महाराज ने सूरत पर हमला किया.

1883-विश्व के श्रेष्ठ चिंतक महाकवि के रूप में ख्याति प्राप्त करने वाले महान दार्शनिक ख़लील जिब्रान का जन्म.

1929-मदर टेरेसा भारत में उपेक्षित और ग़रीब लोगों की सेवा करने के लिये कलकत्ता (अब कोलकाता) लौटी.

1932-हिन्दी के प्रसिद्ध साहित्यकार कमलेश्वर का जन्म.

1947-भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस कमेटी ने भारत का विभाजन स्वीकार किया.

1950-ब्रिटेन ने चीन की कम्युनिस्ट सरकार को मान्यता

## गडकरी ने की उत्तराखंड की 25 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा

**नई दिल्ली, 05 जनवरी. सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को यहां उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ राज्य में चल रही 25 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के विकास कार्यों की समीक्षा की.**



श्री गडकरी के अनुसार उत्तराखंड में इस समय करीब 13,783 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से 25 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं पर काम चल रहा है. इन परियोजनाओं की लंबाई 656 किमी बताई गई है. बैठक में उत्तराखंड के चार प्रमुख तीर्थस्थलों, केदारनाथ, बदरीनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री को सड़कों से जोड़ने वाली चारधाम परियोजना की भी समीक्षा की गई. इस दौरान इन मार्गों पर भूस्खलन से बचाव के कार्य और राष्ट्रीय राजमार्ग स्ट्रेच के रखरखाव स्थिति की समीक्षा की गई. उत्तराखंड में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के निर्माण की समीक्षा के लिए आयोजित इस बैठक में श्री धामी के अलावा सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री गडकरी के साथ ही मंत्रालय में राज्यमंत्री अजय टम्टा तथा श्री हर्ष मल्होत्रा और केंद्र तथा राज्य सरकार के अधिकारी मौजूद थे.

## दिल्ली में फरार हुआ कैदी गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 05 जनवरी.** दिल्ली पुलिस ने सोमवार को आजीवन कारावास के एक ऐसे दोषी को गिरफ्तार किया जो दिल्ली उच्च न्यायालय में अपील खारिज होने के बाद जमानत तोड़कर फरार हो गया था. एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी है. पुलिस के अनुसार भीम महतो को 2002 में नबी करीम पुलिस स्टेशन में दर्ज एक मामले में अपने भाई किशन महतो की 1999 में हुई उसे तीस हजारी के एक सत्र न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी लेकिन बाद में उच्च न्यायालय में उसकी अपील लंबित रहने के दौरान वह जमानत पर रिहा हुआ था. दिल्ली उच्च न्यायालय ने 30 अक्टूबर को महतो की अपील खारिज कर दी.

**सौगात** ▸ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा - समुद्री सुरक्षा और मजबूत होगी

# पहला स्वदेशी 'समुद्र प्रताप' राष्ट्र को समर्पित

**नई दिल्ली, 05 जनवरी. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पोत निर्माण और समुद्री क्षमताओं के विकास में आत्मनिर्भरता की दिशा में देश की बड़ी उपलब्धि के रूप में सोमवार को गोवा में पहला स्वदेशी प्रदूषण नियंत्रण पोत समुद्र प्रताप राष्ट्र को समर्पित किया.**



रक्षा मंत्री ने इस पोत को भारत के परिपक्व रक्षा औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र का प्रतीक बताया जो जटिल विनिर्माण चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने में सक्षम है. उन्होंने कहा समुद्री पोत में स्वदेशी सामग्री को 90 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं. श्री सिंह ने कहा कि समुद्र प्रताप को विशेष रूप से प्रदूषण नियंत्रण के लिए डिजाइन किया गया है, लेकिन इसकी भूमिका केवल यहीं तक सीमित नहीं है. एक ही मंच पर कई क्षमताओं के एकीकरण से यह पोत तटीय गश्त में भी प्रभावी सिद्ध होगा तथा समुद्री सुरक्षा को और मजबूत करेगा. भारतीय तटरक्षक के इस पोत को गोवा शिपयार्ड लिमिटेड ने बनाया है. लगभग 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ समुद्र प्रताप भारत का पहला स्वदेशी रूप से डिजाइन किया गया.

रक्षा मंत्री ने समुद्री प्रदूषण नियंत्रण से लेकर तटीय स्वच्छता, खोज एवं बचाव कार्यों से लेकर समुद्री कानून प्रवर्तन तक भारतीय तटरक्षक बल की बहुआयामी भूमिका की सराहना की. तटरक्षक बल जिस प्रकार अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहा है उससे देश के शत्रुओं को स्पष्ट संदेश गया है कि यदि उन्होंने भारत की समुद्री सीमाओं पर बुरी नज़र डाली या किसी भी प्रकार का दुस्साहस किया, तो उन्हें उपयुक्त जवाब मिलेगा.

## अवैध खनन के विरुद्ध विभाग ने दिसम्बर में जब्त किए 574 वाहन

**पटना, 05 जनवरी.** बिहार खान एवं भूतत्व विभाग ने दिसंबर में अवैध परिवहन में संलिप्त 574 वाहनों को जब्त किया है. बिहार सरकार के खान एवं भूतत्व विभाग की ओर से राज्य भर में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है. दिसम्बर में पूरे राज्य में विभाग द्वारा कुल 4,582 जगहों पर छापेमारी हुई, जिसमें सर्वाधिक 331 छापेमारी औरंगाबाद में की गई. इस माह अवैध परिवहन में संलिप्त 574 वाहनों को जब्त किया गया. एक माह में कुल 248 प्राथमिकियां दर्ज हुई जिसमें सर्वाधिक 15 गिरफ्तारियां पटना में हुई.

# 'एक शाम खाटू वाले के नाम' में झूमे भक्त

▸ नव वर्ष पर सजी श्याम भक्ति की संध्या

**नई दिल्ली 05 जनवरी. नव वर्ष नव वर्ष के पावन अवसर पर हम सेवक श्याम के ( रजि. ) एवं नया सवेरा समिति संगठन द्वारा आध्यात्मिक कार्यक्रम एक शाम खाटू वाले के नाम श्याम भजन संध्या का आयोजन किया गया.**



नए वर्ष की शुभकामनाओं के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में श्याम प्रेमियों ने भक्ति और आनंद के साथझूमकर खाटू श्याम बाबा के चरणों में अपनी श्रद्धा समर्पित की. कृष्ण कुमार का ऑफिस, कुतुब विहार समता एन्क्लेव, एसबीआई बैंक - शिव मंदिर - पुलिस चौकी गोला डेरी, नजफगढ़ रोड (नियर द्वारका सेक्टर-19), नई दिल्ली - 110071 कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने हेतु महामंडलेश्वर संतोष साधिका एवं मुख्य अतिथि - कृष्ण कुमार सहरावत, राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक (हम सेवक श्याम के रजि.) ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई. मंच संचालन शिल्पी बहादुर 'श्याम लाडली' द्वारा किया गया. दिल्ली एवं एनसीआर के विख्यात भजन कलाकारों ने अपनी मधुर वाणी और मनमोहक प्रस्तुतियों से नव वर्ष को भक्ति रस में सराबोर कर दिया. प्रमुख कलाकारों में शामिल हैं-शिल्पी रत्नेश नोएडा, अनिल माधव, अंजना शांडलिय, गायत्री रानी (दिल्ली), ज्योत सेवा - गोपाल शर्मा (पोशाक वाले पटेल नगर दिल्ली, श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के सेवक),नव वर्ष की शुभकामनाओं के साथ सामाजिक संगठनों और संस्थानों से जुड़े कई गणमान्य व्यक्ति कार्यक्रम में पधारे.